हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

कार्यालयों में कोई भी प्रकरण ऑफलाइन मिला तो तहसीलदार पर होगी कार्रवाई
4



## खबर संक्षेप

### 67 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत एवं रिन्युअल

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत दुलदुला के सामुदायिक भवन में विगत दिवस आयोजित बैंक मेला में 21 स्व-सहायता समूहों को बैंकों से लिंकेज के माध्यम से 43 लाख 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, वहीं 12 स्व सहायता समूहों का 23 लाख 50 हजार रुपए रिन्युअल किया गया। इसके अलावा 13 लाभार्थियों को 13 लाख 90 हजार रुपये का मुद्रा लोन स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ पुष्कर पटले, डीपीएम अमीन खान, अखिल परासेठ सहित एसबीआई एवं ग्रामीण बैंक के मैनेजर, एनआरएलएम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बिहान की दीदियां भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

### मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ

**जशपुर।** जिले के कुनकुरी परिक्षेत्र अन्तर्गत स्थित मयाली नेचर कैम्प सभी ऋतुओं में एक मनोहारी दृश्य के रूप में प्रतीत होता है। यह क्षेत्र साल के लहलहाते वनों से आच्छादित है जिससे छोटी बड़ी नालायें वृहद संख्या में निकलती है जो कि नीचे जाकर मैदानी इलाकों को जीवन्त बनाती है। यह क्षेत्र जशपुर जिले को प्रकृति का अनुपम उपहार है। मयाली नेचर कैम्प देवबोरा तथा मयाली ग्राम के बीच में स्थित है। यह स्थान पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ, जो साहसिक कार्य पसंद करते हैं उनके लिये लंबी दूरी की पैदल यात्रा के लिये भी उपयुक्त स्थल है। वर्तमान में मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाईन गेटमनी सुविधा प्रारंभ की गई है। आम जनमानस से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में ऑन लाईन सुविधा का लाभ उठाएं।

### आज होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 13 अक्टूबर को पूरे छत्तीसगढ़ में होना है एवं इस वर्ष जशपुर जिले से 8500 से अधिक की संख्या में विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ है । परीक्षा के जिला संयोजक साहदुल प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूरे भारत में यह परीक्षा आयोजित हो रही है जिसमें 40 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य मात्र परीक्षा कराना ही नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ी को महान भारतीय संस्कृति से परिचित भी करना है साथ ही साथ ही बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करना राष्ट्रीय प्रेम, सत्य, न्याय, वीरता,दया, करुणा, उच्च स्तरीय एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को जागृत करना, दुर्व्यसनो से छूटकरा, राष्ट्रीय गौरव का सम्मान करना भी परीक्षा का उद्देश्य है। उल्लेखनीय है परीक्षा हेतु नामांकन करने वाले बच्चों को परीक्षा से संबंधित एक साहित्य दिया गया है एवं मेरिट सूची में आने वाले छात्रों को जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर भी सम्मानित किया जाता है एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है।

### ग्राम खजरीढाप में लौटी रोशनी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर विकासखंड पत्थलगांव , ग्राम पंचायत खजरीढाप के गांधी चौक मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बाधित विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ हो गई है। बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। ग्रामवासियों ने त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड पत्थलगांव , ग्राम पंचायत खजरीढाप के गांधी चौक मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित थी। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत खजरीढाप में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया।

### लामबंद होकर पुलिस को सौंपा ज्ञापन

# शराबबंदी के लिए महिलाओं ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



महुआ शराब के बढ़ते अवैध कारोबार और नशाखोरी से त्रस्त कोतबा नगर की महिलाओं ने अब इसके खिलाफ लामबंद होकर मोर्चा खोल दिया हैं. महिलाओं ने आक्रामक तेवर अपनाकर नगर में कहीं भी शराब नही बनाने और पीने वालों को दंडित करने का संकल्प लिया है.वे एकजुट होकर हाथों में तख्ती लेकर इसका पुरजोर विरोध कर रहीं हैं. महिलाओं के आक्रामक तेवर देखकर अवैध शराब से जुड़े लोग व इसके सेवन करने वालों में हड़कंप मच गया हैं. उल्लेखनीय है कि चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुलड़ेगा, फरसाटोली, मधुबन, रोक बहार, जामझोर के बाद अब पूरे नगर की महिलायें एकजुट होकर पूर्ण शराबबंदी और इसके सेवन के खिलाफ खूब प्रदर्शन करते हुये शासन प्रशासन से मदद मांग रही हैं.

महिलाओं के आक्रोश को देखकर ऐसा महसूस हो रहा है कि महिलाएं अब चरणबद्ध तरीके से इसका विरोध करेंगी.सबसे दिलचस्प बात यह है कि अब शासन प्रशासन के बिना जागरूकता के स्वयं ही इस अभियान में जुड़कर इसका पुरजोर विरोध कर रहीं है.जिस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार देशी और विदेशी शराब दुकान को जगह-जगह खोलकर शराबबंदी को बढ़ावा दे रही हैं। नाराज महिलाएं पूर्ण शराबबंदी के लिए आवाज उठाते हुए एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है।उन्होंने अब चरणबद्ध तरीके से लागातार आंदोलन किया जाएगा जिसके लिए कोतबा नगर के तिलगोड़ा प्रांगण मे सैकड़ों महिलाए एकत्रित होकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने बैठक हुई। जिसमे उनके द्वारा कोतबा पुलिस को हस्ताक्षर अभियान चला कर कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र सौपा गया है। कोतबा नगर पंचायत क्षेत्र में 3 दिन पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमन सुनील शर्मा के निर्देश पर मुनादी करा कर सभी वार्डो से महुवा शराबबंदी लागू करने महिलाओं को आह्वान कर बैठक आयोजित की गई। जिसमे शनिवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएँ एकत्रित होकर बैठक में नशाखोरी को बंद करने के लिए अवैध शराब भट्टियों को बंद कर शराबबंदी करने एक मत हो कर निर्णय किया गया। साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले महुवा की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाने निर्णय लिया गया है।साथ ही जितने भी अवैध नशे की सामग्री गांजा,दारू,आदी के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंधित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमन सुनील शर्मा ने बताया कि नगर में अनेक घरों में अवैध शराब बना कर बेची जा रही हैं। जिससे युवापीढ़ी व पुरुषों में मद्यपान नशाखोरी की लत पड़ चुकी है। अपने घरों को उजड़ता देख महिलाएं अवैध महुवा शराब खिलाफ वार्डों में संचालित अवैध भट्टियां को घर जाकर कार्यवाही करने की बात कह रही है। महिलाओं का

⏭ शेष पेज 4 पर

### घरों को उजाड़ती शराब बढ़ती घरेलू हिंसा

महिलाओं का कहना है कि नगर के कई मोहल्लों में घर-घर अवैध महुआ शराब की भट्टियां चल रही हैं, जिससे शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। इस आसानी से उपलब्ध शराब ने युवा पीढ़ी और पुरुषों को बुरी तरह जकड़ लिया है, जिससे नगर में मद्यपान और नशाखोरी की लत व्यापक रूप से फैल चुकी है। इस अवैध कारोबार का सबसे बुरा असर घरों पर पड़ रहा है। महिलाएं भारी परेशानी झेल रही हैं क्योंकि पुरुष बड़ी मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं। जब वे इसका विरोध करती हैं, तो उन्हें घरों में गाली-गलौच, मारपीट और धमकी का सामना करना पड़ता है। लगातार घरेलू हिंसा का शिकार होकर त्रस्त हो चुकी इन महिलाओं ने अब शांति और सुरक्षा की माँग की है। महिलाओं ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की माँग करते हुए कहा कि कोतबा नगर की इन महिलाओं ने संयुक्त रूप से स्थानीय प्रशासन और पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। उनकी मुख्य माँगें अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल और कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।अवैध नशे की सामग्रियों पर प्रतिबंधित करने, किराना दुकानों में उपलब्ध महुवा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, नारी शक्ति का यह कदम यह दर्शाता है कि अवैध नशे के खिलाफ अब समाज स्वयं जागृत हो रहा है, और यदि प्रशासन जल्द सख्त कदम नहीं उठाता, तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप ले सकता है।

# ठगी का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




**जशपुरनगर।** जिले में करोड़ों की ठगी कर फरार चल रहे आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ऑपरेशन अंकुश के तहत पत्थलगांव पुलिस ने आरोपी अरविंद राठौर (36 वर्ष), निवासी ग्राम कोसमुंडा, थाना चांपा, जिला जांजगीर-चांपा को सूरजपुर जिले के जयनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार सालों से पुलिस को चकमा दे रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार मामला वर्ष 2021 का है। पत्थलगांव थाना क्षेत्र में आर.पी. ग्रुप कंपनी के नाम पर ग्रामीणों से करोड़ों रुपए की ठगी की गई थी। कंपनी के संचालक राजेंद्र कुमार दिव्य, तुरेंद्र उर्फ मनीष कुमार दिव्य, प्रकाश चंद्र धृतलहरे और उपेन्द्र कुमार सारथी ने ग्रामीणों को यह कहकर झांसे में लिया कि "कोरबा के मंडवारानी में एक जादुई कलश मिला है, जिसकी कीमत अरबों रुपए है और उसे विदेश में बेचा जाएगा। बिक्री से जो लाभ होगा, वह कंपनी में पैसा लगाने वालों को 1 से 5 करोड़ रुपए तक अनुदान के रूप में दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने इस लालच में आकर सिक्योरिटी मनी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर रकम जमा कराई। केवल एक शिकायतकर्ता अमृता बाई ने ही 25,000 कंपनी को दिए थे।

### आरोपी से मोबाइल, आधार पैन सहित दस्तावेज जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। आरोपी ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, प्रधान आरक्षक चंद्र विजय साय, आरक्षक कमलेश्वर वर्मा, मुकेश पांडे, इम्तियाज खान एवं आकाश कुजूर की रही अहम भूमिका।

### जारी रहेगी कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस ने ठगी के इस बड़े मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि शेष फरार आरोपियों की तलाश के लिए ऑपरेशन अंकुश जारी रहेगा।

# जशपुर में शतरंज का रोमांच, बाल प्रतिभाओं ने दिखाया कमाल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट के दूसरे दिन तक 6 राउंड का खेल संपन्न हुआ।आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वास राव मस्के और सचिव, खेल अधिकारी समीर बड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक खेल गए पांच राउंड के परिणाम में सेनगुप्त दीपांकर, स्पर्श खंडेलवाल, सालिक नवाज मनिहार, ईशान सैनी, वी. विराट अय्यर, रूपेश कुमार मिश्रा, संस्कार कश्यप, शेख इदु और शुभम सिंह टॉप टेन स्थान पर रहे हैं। विजेता का निर्धारण पूरे आठ राउंड के बाद ही हो सकेगा ।

- चेस टूर्नामेंट में 6 राउंड का खेल संपन्न

टूर्नामेंट में 06 वर्ष से 67 वर्ष तक के खिलाड़ी शतरंज खेल रहे हैं। खेल के कुछ आश्चर्यजनक परिणाम भी मिल रहे हैं। कुछ विलक्षण प्रतिभावान खिलाड़ी भी सामने आ रहे हैं। दुर्ग के 10 वर्षीय नन्हे खिलाड़ी वी. विराट अय्यर ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त अपने प्रतिद्वंदी 04 वयस्क खिलाड़ियों को हराया। वहीं रायपुर की 10 वर्षीय नन्ही बालिका खिलाड़ी सावी गौरी ने भी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त अपने प्रतिद्वंदी 04 वयस्क खिलाड़ियों को हराया।




### स्टेट चेस एसोसिएशन का सहयोग

इस टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन के सहयोग से कराया जा रहा है। चेस एसोसिएशन की ओर से आर्बिटर अनीश अंसारी, रॉकी देवांगन, हर्ष शर्मा, शुभम बसोने, शेष रतन जायसवाल, प्रदीप कुमार मंडल और अनिल शर्मा खिलाड़ियों को गाइड करने के साथ निर्णायक की भूमिका में कार्य कर रहे हैं।

### इनकी रही सक्रिय भूमिका

जिला प्रशासन की ओर से टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के जॉइंट सेक्रेटरी विनोद गुप्ता के साथ समिति के सदस्य संजीव शर्मा , मति कल्पना टोप्पो , मिंकू बनर्जी, सत्यप्रकाश तिवारी , लक्ष्मी शुक्ला , अवनीश पांडेय , प्रदीप चौरसिया , टूमनु गोसाई, सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं ।

# विधवा से जंगल में दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महिला सुरक्षा के प्रति अपनी सख्त और संवेदनशील छवि बनाए रखते हुए जशपुर पुलिस ने एक और गंभीर अपराध का पर्दाफाश किया है। चौकी सोनक्यारी क्षेत्रांतर्गत एक विधवा महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी जेल भेजा गया

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 36 वर्षीय पीड़ित महिला, जो अपने पति के निधन के बाद दो बच्चों के साथ जीवन बिता रही है, 9 अक्टूबर की शाम अपने ससुराल से पैदल अपने मायके लौट रही थी। जंगल के रास्ते में गांव के ही निलेश राम भगत (उम्र 22 वर्ष) ने पीछे से आकर महिला के बाल पकड़ लिए, उसे जमीन पर पटक दिया और घसीटते हुए झाड़ियों के बीच ले गया। इसके बाद दरिंदे ने जान से मारने की धमकी देते हुए महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के चीखने-चिल्लाने पर गांव की एक युवती वहां पहुंची, जिसके देखते ही आरोपी भाग खड़ा हुआ। युवती ने तत्काल पीड़िता की मदद की और उसे कपड़े पहनाकर उसके मायके तक छोड़ा। घटना से डरी पीड़िता ने 10 अक्टूबर को चौकी सोनक्यारी में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) और 115(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया था।



चौकी प्रभारी एएसआई वैभव सिंह, आरक्षक विमल मिंज और नगर सैनिक शिवशंकर रवि की टीम ने आरोपी की तलाश में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में जमीन पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। इधर हाथियों के डर से घर को छोड़ गांव में परिचित के यहां सो रहे पुत्र को जब घटना की जानकारी लगी तो पुत्र ने बाइक से 5 किमी सफर तय मुख्य मार्ग तक पहुंचा और निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम ग्राम सिलसिला निवासी मनीष कुमार लकड़ा आ. चमरू राम लकड़ा (45 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहा था। जबकि पुत्र सुजीत हाथियों के डर से घर को छोड़ कर गांव में ही परिचित के यहां सोने चला गया था। इस दौरान रात में जमीन पर सो रहे ग्रामीण को जहरीला सांप डस लिया। सांप के डस लेन की भनक लगते ही मनीष ने अपने पुत्र सुजीत को फोन कर सांप के डस लेने की जानकारी दी। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुत्र ने आनन फानन में पिता को बाइक लगभग 5 किमी सफर तय कर मुख्य मार्ग तक लाया।

# नशीले इंजेक्शन एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को आज राजपुर में उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने बूढ़ा बगीचा राजपुर के इंजेक्शन विक्रेता सूरज सूरज सोनी और बघिमा शर्मा ढाबा के संचालक अरुण सिंह को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। आज गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की बघिमा स्थित शर्मा ढाबा में अवैध विदेशी शराब की बिक्री की जा रही है। टीम जब ढाबा पहुंची तो अरुण कुमार सिंह मिले, जो की ढाबा का संचालन मलिक की अनुपस्थिति में करते हैं। ढाबा का मालिक ढाबे में नहीं था। ढाबे की तलाशी लेने पर ढाबे एवं घर से तथा ढाबे में खड़ी इनोवा गाड़ी से 13 नग अंग्रेजी शराब मिला। जिस पर टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अरुण कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि बूढ़ा बगीचा राजपुर में सूरज सोनी अपनी दुकान एवं घर से नशीला इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़न दस्ता टीम रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में सूरज सोनी के घर एवं दुकान में दबिश दी। घर की तलाश में किचन रूम से एक थैली में 53 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा की पीलिया से मौत, मचा हड़कंप



**वाड्रफनगर।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढने वाली कक्षा सातवीं के छात्रा की पीलिया से मौत का मामला सामने आया है। छात्रा के मौत के बाद परिजन व ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही और दूषित पानी के उपयोग का आरोप लगाया है और मामले में कार्रवाई की मांग की है। इधर स्कूल शिक्षा विभाग ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बच्ची की तबीयत घर में खराब हुई थी। फिलहाल इस घटना के बाद शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के रघुनाथनगर अंतर्गत रहने वाली छात्रा अंजनी जायसवाल स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 7वीं की छात्रा थी। पिछले कुछ दिनों से छात्रा की तबीयत खराब थी और जब परिजन ने उसकी जांच कराई तो 5 अक्टूबर को बच्ची में पीलिया की पुष्टि हुई थी। पीलिया से ग्रसित बच्ची का उपचार परिजन करा रहे थे। पहले उसे अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर मिशन अस्पताल में उसका उपचार चला। मिशन अस्पताल से छात्रा को रायपुर रिफर किया गया था जिसके बाद परिजन छात्रा को लेकर रायपुर जा रहे थे लेकिन रायपुर पहुंचने से पहले ही छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की पीलिया से मौत के बाद परिजन सदमे में है जबकि गांव में शोक का माहौल है।

### स्कूल में खराब नहीं हुई तबीयत

बच्ची की तबीयत घर में खराब हुई है। स्कूल में 27 सितम्बर से छुट्टी है। बच्ची में पीलिया की पुष्टि होने के बाद परिजन घर में रखकर उसका उपचार करा रहे थे। बाद में उसे अंबिकापुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे रायपुर रिफर किया गया था। बच्ची की तबीयत स्कूल में खराब नहीं हुई है।

-मनीराम यादव
डीईओ

### दिए है जांच के निर्देश

घटना की जानकारी मिली है। इस मामले में जांच के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद ही वस्तु स्थिति का पता चल सकेगा।

-डॉ. बसंत सिंह
सीएमएचओ


### योजना ने लोगों के जीवन में बचत का नया रास्ता खोला

# अब नहीं आता बिजली बिल, घर की छत से ही मिल रही ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक बड़ी पहल बनकर सामने आई है। इस योजना ने लोगों के जीवन में बचत, सुविधा और स्थायी ऊर्जा का नया रास्ता खोल दिया है।

जिले के पत्थलगांव निवासी बालेश्वर यादव ने इस योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर रूफटॉप प्लांट लगाया है। योजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र और राज्य सरकार से 78,000 हजार की सब्सिडी मिली, जबकि संयंत्र की कुल लागत लगभग 2 लाख रही। श्री यादव बताते हैं कि पहले हर महीने करीब 5,000 तक बिजली बिल देना पड़ता था। लेकिन सोलर सिस्टम लगने के बाद अब उनका बिल लगभग शून्य हो गया है। इतना ही नहीं, घर में उपयोग से बची बिजली ग्रिड में भेजने से उन्हें हर माह आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर में सोलर सिस्टम लगने से "अब बिजली कटने या बिल बढ़ने की चिंता नहीं रहती। हम खुद की जरूरत की बिजली बना रहे हैं और पर्यावरण को भी सुरक्षित रख रहे हैं।" यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।



### हर घर में पहुंच रही सौर ऊर्जा

राज्य में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर परिवार को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना में सोलर संयंत्र की क्षमता के अनुसार 30,000 से 78,000 तक की सब्सिडी दी जाती है। लाभार्थी पोर्टल या मोबाइल एप से पंजीकरण कर सकते हैं। चयनित वेंडर द्वारा संयंत्र स्थापित करने के बाद डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर लगाया जाता है, और सत्यापन उपरांत सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में जमा कर दी जाती है। इच्छुक उपभोक्ता कम ब्याज दर पर बैंक ऋण भी प्राप्त कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए इसे जनसमर्थन पोर्टल से जोड़ा गया है।

## खबर संक्षेप



### भव्य श्याम गुणगान के पोस्टर का कैबिनेट मंत्री ने किया विमोचन

**अंबिकापुर।** जिले के उदयपुर में 7 जनवरी 2026 को श्याम बाबा के भव्य गुणगान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है और श्याम गुणगान कार्यक्रम के पोस्टर का शनिवार को प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने विमोचन किया। इस कार्यक्रम के आयोजक श्याम दीवाने भगवाधारी के मनीष बंसल ने बताया कि लगातार चौथे वर्ष यह आयोजन किया जाएगा जिसमें भव्य निशान यात्रा निकली जाएगी एवं पप्पू महाराज जी के पावन सानिध्य में पूजा प्रारंभ की जाएगी। श्याम जगत के ख्याति प्राप्त भजन प्रवाहक रेशमी शर्मा (समस्तीपुर), सुनील डाया नामदेव (हिसार), कर्णिका ग्रोवर (नीमच),संतोष महंत(शक्ति) अपनी मनमोहक वाणी से बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। , आयोजन के दौरान श्याम रसोई और बाबा के खजाना का ड्रॉ भी किया जाएगा जिसमें पुरस्कार में कार, बाइक , स्कूटी , सोने के सिक्के और अनेक पुरस्कार दिए जाएंगे। पोस्टर विमोचन के दौरान रवि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विजय बंसल, विक्की गुप्ता, मनीष बंसल, दीपक सिंघल, सावन अग्रवाल, गौरव, अंकित, विकास, सत्यम एवं श्याम दिवाने मौजूद थे।

### स्वयं सेवकों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली



**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज रेड रिबन क्लब, रासेयो एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरगवां में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी महीधर दुबे ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को एड्स होने के कारणों तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। रेड रिबन क्लब के स्वयं सेवकों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों और स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्नत भारत अभियान के प्रभारी डॉ.मोहन राव मामडीकर ने छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति सजग रहने की सलाह दी तथा उन्नत भारत अभियान के कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक श्रीमती पूनम दीवान सहित अन्य अध्यापक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### धक्का मुक्की में गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर में आए मेहमान द्वारा धक्का मुक्की करने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार एमसीबी जिला के केल्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोकड़ा निवासी रामनरेश आ. स्व. हीरालाल बसोड़ (47 वर्ष) पिछले एक साल से पत्नी अनारकली के साथ बिजुरी के ग्राम लोसरा में किराए के मकान में रहकर भीख मांगकर जीवकोपार्जन कर रहा था। कुछ दिनों पूर्व ही बैकुंठपुर के ग्राम सलका निवासी जुगनू आ. जितेन्द्र बसोड़ ग्राम लोसरा रामनरेश के यहां मेहमानी में गया था। 4 अक्टूबर को किसी बात को लेकर रामनरेश और जुगनू के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान जुगनू ने रामनरेश को धक्का दे दिया, जिससे वह दीवार से टकरा जाने से घायल हो गया। पत्नी अनारकली अपने पति के हाथ में तेल से मालिस कर देती थी, जिससे चोट के स्थान से चमड़ी का परत हटने लगा, लेकिन दर्द से मुक्ति नहीं मिल रही थी। 9 अक्टूबर को पत्नी ने घायल पत्नी को मनेन्द्रगढ़ जिला अस्पताल कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दियाय जहां बीती रात उपचार केक दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### हाई स्कूल लैंगा में किया गया छात्राओं को साइकिल वितरण

**लखनपुर।** विकासखंड अंतर्गत स्थित हाई स्कूल लैंगा में शनिवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 26 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी एवं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि दिनेश बारी ने छात्राओं को अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय प्रशासन को शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान सेवानिवृत्त बीईओ सुरेश जायसवाल, जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, शिवराज सिंह, शाला विकास समिति के सदस्य मान सिंह, सरपंच प्रतिनिधि भुनेश्वर सिंह, स्कूल प्रभारी खगेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## रेडियोलॉजिस्ट है छुट्टी पर, सोनोग्राफी के लिए भटक रहे मरीज

# रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में पर्याप्त जांच के संसाधन उपलब्ध है लेकिन अस्पताल में पर्याप्त रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से अब अस्पताल प्रबंधन रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा है। हालांकि पूर्व में कुछ रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई थी लेकिन रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सकों के छुट्टी पर चले जाने से समस्या बढ़ जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले तीन माह से जहां रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी पर चले जाने से सोनोग्राफी सहित सीटी स्कैन व एमआरआई की व्यवस्था चरमरा गई है। आलम यह है कि अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने से मरीज समेत परिजन परेशान है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने पहुंचे है लेकिन एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने तथा समय पर सोनोग्राफी नहीं होने से कई परिजन मरीज का निजी संस्था में ही सोनोग्राफी कराना उचित समझ लौट जाते है।

**खास बात**

- एक रेडियोलॉजिस्ट के भरोसे संचालित है सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी व सीटी स्कैन व एमआरआई के लिए अलग-अलग रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त है परंतु रेडियोलॉजिस्ट की तबीयत खराब होने से छुट्टी पर है। रेडियोलॉजिस्ट के तबीयत खराब हो जाने पर इसका सीधा असर न सिर्फ सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई सेवा पर पड़ा बल्कि ऑनलाइन रिपोर्टिंग होने से अब गिनती के मरीजों की जांच हो रही है। जबकि अधिकांश मरीजों को परिजन निजी संस्था में जांच कराने को मजबूर है। इधर अस्पताल प्रबंधन किसी तरह एक रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की व्यवस्था की है लेकिन उस चिकित्सक पर भी सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई की जिम्मेदारी होने पर अतिरिक्त भार बढ़ गया है। ऐसे में रेडियोलॉजिस्ट समय निकाल कर सोनोग्राफी करते है। सोनोग्राफी के लिए एक रेडियोलॉजिस्ट के होने से अब मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने अस्पताल पहुंचे परंतु सोनोग्राफी नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। कई बार तो भीड़ ज्यादा होने से विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है और पुलिस को समझाइश देने आना पड़ता है। इधर कई मरीज के समय पर सोनोग्राफी नहीं होने से उनका उपचार शुरू नहीं होता जिससे परिजन परेशान है। अस्पताल में जांच उपकरण होने के बावजूद रेडियोलॉजिस्ट के नहीं होने पर मरीज निजी संस्था में सोनोग्राफी कराने को मजबूर है।



सोनोग्राफी कराने मरीजों की भीड़।

**दूसरे दिन बाद आता है नम्बर**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शहर सहित दूसरे जिले से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते है। जिसमें से अधिकांश मरीज ऐसे होते है जो केवल सोनोग्राफी कराने ही अस्पताल आते है। लेकिन एक रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से उनकी समय पर जांच नहीं हो पाती। ऐसे में सोनोग्राफी कराने के लिए परिजन को नंबर लगाना पड़ता है। एक दिन में 15 पुरुष एवं 15 महिला मरीजों का ही सोनोग्राफी होता है ऐसे में मरीज का नम्बर दूसरे या तीसरे दिन आता है जिससे अधिकांश मरीज बिना सोनोग्राफी कराए ही वापस लौट जाते है।

**अनुपयोगी हुए लाखों की मशीन**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए संसाधन की कमी नहीं है। लाखो की लागत से सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई गई है जिसमें से एक पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन शामिल है। हालांकि पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का उपयोग चिकित्सक प्रसव के लिए दाखिल प्रसूता के लिए करते है। एमसीएच में सोनोग्राफी मशीन में से 32 लाख की लागत से सोनोग्राफी मशीन प्रसूताओं की सुविधा के लिए लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है परंतु एक रेडियोलॉजिस्ट होने तथा अन्य रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी पर चले जाने से अब सोनोग्राफी मशीन अनुपयोगी हो गई है।

**रेडियोलॉजिस्ट की है कमी**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की कमी है। दो रेडियोलॉजिस्ट की तबीयत खराब होने से छुट्टी पर है जिससे सोनोग्राफी करने में समस्या हो रही है। एक रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट प्रोफेसर की नियुक्ति हो जाती है तो समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

-डॉ.आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## रामनगर में निकली भव्य कलशयात्रा श्री शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामनगर/बिश्रामपुर



रामनगर के हाई स्कुल स्टेडियम ग्राउंड में शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की कलश यात्रा निकलने के साथ श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम का शुभारम्भ हो गया है,शुक्रवार की दोपहर को काफी संख्या ने भक्तों ने ग्राम रुनियाडीह स्थित शिव मंदिर से नजदीक रेड़ नदी तट से कलश में जल उठाव किया एवं 4 किलोमीटर पैदल यात्रा कर रामनगर के स्टेडियम ग्राउंड में पूजा व कथा स्थल पर कलश स्थापित किया गया है,अगले दिन शनिवार को विधिवत मन्त्र उच्चारण के साथ शिवलिंग की पूजा की गई,गौरतलब है कि दिनांक 10 अक्टूबर शुक्रवार से 19 अक्टूबर तक दस दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन ग्राम रामनगर, रामपुर, सरस्वतीपुर व रुनियाडीह के ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से किया जा रहा है,इसमें सोहागपुर, दतिमा, करंजी समेत आसपास के कई गावों के श्रद्धालु कथा में शामिल हो रहे हैं,श्री शिव महापुराण कथा के श्रवण अनुष्ठान के लिए विशेष रूप से श्रीधाम वृन्दावन के कथावाचक आचार्य विनयकान्त त्रिपाठी का रामनगर में आगमन हूआ है,आज रविवार को शिवनैवेध रुद्राक्ष प्रतिमा,नारद मोह की कथा उच्चारण किया जाना है,इसके पश्चात शिव पार्वती महोत्सव, गणेश जन्मोत्सव, कार्तिकेय चरित्र, हनुमान जन्मोत्सव, धनतेरस महोत्सव कथा सम्पन्न होने के साथ दिनांक 19 अक्टूबर रविवार को हवन पूर्णाहुति के साथ महापुराण कथा का समापन किया जायेगा।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मत्स्य कृषकों को दी गई तकनीकी जानकारी

**सूरजपुर।** शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में विभागीय तीन दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती स्वाति संत सिंह अध्यक्ष जनपद ने की। प्रशिक्षण में अतिथियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में मत्स्य कृषकों को विस्तार पूर्वक बताया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही साथ मछली पालन में नई तकनीकों जैसे पौंड लाइनर, आरएएस, झींगा पालन के बारे में भी जानकारी दिया गया। मछली बीज उत्पादन एवं संवर्धन से संबंधित जानकारी सुधाकर बिसेन, सहायक मत्स्य अधिकारी द्वारा बताई गई। मछली बीज संचयन , परिवहन, एवं प्रबंधन के बारे में निलेश साहू मत्स्य निरीक्षक प्रतापपुर द्वारा कृषकों को जानकारी दी गई। मछलियों में रोगों के कारण और निदान से संबंधित जानकारी सनाजीत घोरोई एरिया सेल्स मैनेजर द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित चयनित 3-3 मत्स्य कृषकों को आइस बॉक्स एवं जाल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम पश्चात कृषकों को प्रगतिशील मत्स्य कृषक नरेंद्र सिंह के निजी मछली फार्म का भ्रमण कराया गया जहां उनके द्वारा पौंड लाईनर में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान यशवंत प्रताप सिंह, रामलाल राजवाड़े, संत सिंह, मनोज सिंह, ओमप्रसाद, गौतम रजवाड़े, कैलाश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विनोद राजवाड़े उपस्थित रहे।



## खबर प्रकाशन के बाद बलियारी जंगल पहुंची पीएचई की टीम, लिया पानी का नमूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीणों की पेयजल समस्या निकट भविष्य में खत्म होने की उम्मीद है। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए गुरूवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम पानी का नमूना एकत्र करने बलियारी जंगल पहुंची। कर्मचारियों ने बताया कि पानी की जांच कराई जाएगी तथा जांच में मिले दोषों को दूर करने आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- हैण्डपंप से दुर्गंधित लाल पानी निकलने से ग्रामीण पी रहे नदी का पानी

सूरजपुर जिला अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम तेलाईपाट में पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं होने के कारण लगभग 50 पण्डो परिवार वर्षों से बलियारी जंगल स्थित रेड़िया नदी के किनारे निवासरत है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बस्ती में हैण्डपंप लगाया गया है। पिछले कुछ समय से हैण्डपंप से दुर्गंधित लाल रंग का पानी निकलने के कारण ग्रामीणों ने हैण्डपंप के पानी का उपयोग बंद कर दिया है तथा रेड़िया नदी का गंदा पानी पी रहे हैं। हरिभूमि ने इस संबंध में 8 अक्टूबर के अंक में बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीण रेड़िया नदी का गंदा पानी पीने मजबूर शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी अविनाश मिंज ने हैण्डपंप के पानी का नमूना लेने के लिए गुरूवार को विभाग की तकनीकी टीम को भेजा। टीम के सदस्यों ने हैण्डपंप के पानी का नमूना एकत्र किया तथा ग्रामीणों से भी पानी की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। कर्मचारियों ने पानी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।



## अलग-घटनाओं में दो युवकों ने लगाई फांसी, मौत

**बिश्रामपुर।** दो अलग -अलग घटनाओं में दो युवकों ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम केशवनगर गोंडपारा निवासी 25 वर्षीय रामलाल देवांगन पिता स्व. चंद्रभान देवांगन ने शुक्रवार की शाम अपने घर के मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने बताया कि रामलाल नशा का आदि था। अत्यधिक नशे की वजह से उसकी दिमागी संतुलन भी बिगड़ा हुआ था। इसी तरह करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बतरा नवापारा निवासी 30 वर्षीय राजू राजवाड़े पिता बेचन राजवाड़े ने शनिवार की दोपहर अपने घर में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। करंजी पुलिस ने बताया कि युवक की पत्नी लंबे समय से अपने मायके में ही रहती है। सूचना पर दोनों मामले में बिश्रामपुर व करंजी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक सम्मेलन

**अंबिकापुर।** सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, एवं विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि अभिभावक एवं शिक्षक मिलकर ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा तय करते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रस्तुत की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराया। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन और गतिविधियों की सराहना की तथा अपने उपयोगी सुझाव भी साझा किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे सम्मेलन अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का माध्यम है।

## डीईओ कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिला शिक्षा कार्यालय को बलरामपुर स्थानांतरित करने की सुगबुगाहट के बीच नगर वासियों में आक्रोश फैल गया है। इसके विरोध में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की और कार्यालय को यथावत रखने की मांग की। कार्यालय करीब 5 दशकों से रामानुजगंज में संचालित हो रहा है। अविभाजित सरगुजा जिला से अलग होकर शैक्षिक जिला रामानुजगंज के नाम से कार्यालय प्रारंभ हुआ था। प्रतिनिधि मंडल की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। नगरवासियों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर एसडीएम आनंद नेताम और तहसीलदार भी पहुंच बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान नगर वासियों की चिंताओं और विरोध को गंभीरता से सुना गया।

- रामानुजगंज में हो रहा संचालित

सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल में अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, अजय गुप्ता,अजय सोनी, राम सेवक गुप्ता,जयप्रकाश गुप्ता, शर्मिला गुप्ता और प्रतीक सिंह सहित नागरिक शामिल थे। उन्होंने कहा कि रामानुजगंज जो अविभाजित सरगुजा से अलग होकर शैक्षणिक जिला के रूप में स्थापित हुआ था। यहां वर्षों पुरानी कार्यालय को स्थानांतरित करना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रामानुजगंज में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में भी इसकी संचालन व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। उनका तर्क था कि बलरामपुर स्थानांतरण करना केवल अब अव्यावहारिक होगा बल्कि स्थानांतरित करना जनता के हितों की विपरीत जाएगा। प्रतिनिधि मंडल की ओर से शैलेश गुप्ता ने कहा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत होने वाले जिला स्तर के विभिन्न बैठक एवं विभिन्न कार्यक्रम रामानुजगंज में भी आयोजित होने चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव ने कहा कि जिस प्रकार से पूर्वतः व्यवस्था चल रही थी उसी प्रकार से चलेगी। एसडीएम आनंद नेताम ने भी लोगों को आश्वस्त किया की व्यवस्था पूर्वतः रहेगी। जन भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रामानुजगंज में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय लग रहा है। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला से अलग होकर 5 दशक पहले शैक्षिक जिला रामानुजगंज का गठन हुआ था ऐसे में यहां से कार्यालय को स्थानांतरित किया जाना विधि सम्मत नहीं होगा।

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने अरुण को किया सम्मानित



**अम्बिकापुर।** पेट्रोल पंप में दिनदहाड़े युवती की चाकू गोदकर हत्या करने के बाद भाग रहे हत्यारे को पकड़ने वाले अरुण सिंह टीचर्स एसोसिएशन ने सम्मानित किया है। अरुण सिंह ने घटना के बाद भाग रहे आरोपी को अपनी जान की परवाह किए बिना पकड़कर पुलिस के हवाले किया जबकि घटना के बाद कुछ लोग मौके पर खड़े होकर वीडियो बनाने में ही व्यस्त थे। शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती की चाकू मारकर हत्या करने के बाद भाग रहे आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। ऐसे में छग टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक अरुण कुमार सिंह को सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने अरुण सिंह को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान संगठन के काजेश घोष, राकेश दुबे, अमित सोनी, राजेश सिंह, नाजिम खान शामिल रहे।

### सरगुजा के 250 से अधिक विद्युतकर्मियों ने धरना-प्रदर्शन में की भागीदारी

**अम्बिकापुर।** अपनी मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के बैनर तले शुक्रवार को रायपुर में आमसभा एवं प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। धरना प्रदर्शन में सरगुजा के 250 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने भागीदारी की। धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी ने मांगों के पूरा होने तक क्रमिक आंदोलन जारी रहने की घोषणा की।

## करंजी व दतिमा में ग्रामीण परिवारों को दी गई विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी और ग्राम पंचायत भवन दतिमा में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया,गौरतलब है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर की अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन और डीएलएसए सचिव कु.पायल टोपनो के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी और ग्राम पंचायत भवन दतिमा में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए,कार्यक्रमों की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता विशेष न्यायालय सुरजपुर व फास्ट ट्रैक के अपर जिला सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल थे,न्यायाधीश वारियाल ने बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी,उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन का उपयोग सावधानी से करने और इसे केवल शिक्षा बढ़ाने की सलाह दी,क्योंकि इंटरनेट पर सारी जानकारी उपलब्ध हैं,उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से कृत घटनाओं का उदाहरण देते हुए सोशल मीडिया के उपयोग पर विशेष सावधानी बरतने को कहा,ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेल जैसे अपराधों पर भी जानकारी दी,मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई नाबालिग गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना करता है,तो चालक के साथ-साथ गाड़ी मालिक पर भी कार्यवाही होगी,जिसमें जुर्माने और सजा का प्रावधान है,न्यायाधीश वारियाल ने आईटी एक्ट के प्रावधानों की भी जानकारी दी,उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर वे अपने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा देते हैं,तो उनकी ऑनलाइन एक्टिविटी पर विशेष ध्यान दें,उन्हें नोटिस करते रहें,और बीच-बीच में मोबाइल हिस्ट्री चेक कर उनसे बात करें।

उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के प्रावधानों,नालसा की टोल फ्री नंबर 15100 की सेवाएं, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कार्य,नालसा की मंशा और नवीन योजनाएं,बाल न्यायालय और सामान्य न्यायालय में न्यायालयीन कार्य प्रक्रिया की भी जानकारी दी,इस दौरान करंजी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह,प्राचार्य बीके नंदी,दतिमा की सरपंच,पीएलवी सत्य नारायण और उमेश कुमार राजवाड़े व अन्य उपस्थित रहे।

**बिजनेस प्लस**

## कोरबा शहर में सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** प्रदेश की ज्वेलरी मार्केट में नाम बना चुके सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का शुभारंभ शनिवार को पुराने कोरबा व्यवसायिक परिसर में किया गया। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स प्रबंधन उपस्थित थे। कोरबा शहर में ज्वेलरी मार्केट के बढ़ते क्रेज को देखते हुए नई रेंज की ज्वेलरी लेकर सुमित ज्वेलर्स के शोरुम की शुरुआत शनिवार को हुई। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स के संस्थापक और प्रबंधक अंकित कंकेरिया ने बताया कि 2005 में रायपुर से उन्होंने अपने ज्वेलरी शोरुम की शुरुआत की थी। इसके पीछे उनका उद्देश्य प्रदेश के ग्राहकों को ज्वेलरी मार्केट के क्षेत्र में नई रेंज और डिजाइन की ज्वेलरी उपलब्ध कराना रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते 20 वर्षों के दौरान प्रदेश के 4 बड़े शहर दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, राजिम में शुरु की गई है। कोरबा में उनकी यह पांचवीं ब्रांच है। कोरबा शहर के मार्केट में ज्वेलरी मार्केट की अलग पहचान बन चुकी है। शहर के ज्वेलरी पसंद ग्राहकों को सुमित ज्वेलर्स में हैवी और लाइट वेट के ज्वेलरी उपलब्ध रहेगी। इसमें नई डिजाईन और रेंज की ज्वेलरियों की प्रमुखता रहेगी। देश के महानगरों की तरह कोरबा शहर के ग्राहकों को भी अच्छी कीमत में ज्वेलरी उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी कई वैरायटी मौजूद रहेंगी। शोरुम के शुभारंभ अवसर पर सुमित ज्वेलर्स रायपुर ब्रांच के अर्पित कंकेरिया, कोरबा शहर के ब्रांच संचालक पारस जैन, प्रकाश जैन आदि उपस्थित थे।



# दिलजीत दोसांझ फिर इम्तियाज अली संग करेंगे फिल्म...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ गायकी के साथ-साथ अपनी एक्टिंग से भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। ताजा अपडेट है कि गायक प्रेम कहानी पर आधारित एक नई फिल्म का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। जाहिर है कि दिलजीत और इम्तियाज इससे पहले फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए साथ आए थे। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म में दिलजीत के साथ परिणीति चोपड़ा नजर आईं थी। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बिना टाइटल वाली इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में पूरी करने के बाद, कास्ट और क्रू पंजाब के लिए रवाना हो गए हैं। दिलजीत के अलावा शरवरी, वेदांग रैना और नसीरुद्दीन शाह भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे।

## लाइफ Style



# शरवरी

## अहान संग मचाएंगी धमाल

'सैयारा' अभिनेता अहान पांडे किसी परिचय के मोहताज नहीं रहे। प्रशंसक उनकी नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ के होने की चर्चा है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म पर ताजा अपडेट आया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बताया गया है कि ये एक्शन-रोमांस से भरपूर फिल्म होगी। अहान और शरवरी ब्रिटेन में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, अली अब्बास अगली फिल्म अहान और शरवरी के साथ शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग अगले साल मार्च, 2026 से शुरू की जाएगी। अहान और शरवरी की जोड़ी वाली ये फिल्म पहले से प्रशंसकों को उत्साहित कर रही है। अली अब्बास एक बार फिर आदित्य चोपड़ा के साथ निर्देशक के तौर पर अपनी एक्शन-रोमांस फिल्म पर काम शुरू कर रहे हैं।

अली अब्बास 'टाइगर जिंदा है', 'गुंडे', 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' और 'सुल्तान' जैसी हिट फिल्में बनाकर वह पहले ही प्रशंसकों से वाहवाही लूट चुके हैं। अब वो 5वीं बार यशराज फिल्म्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि अहान इस वक्त अपनी डेब्यू फिल्म 'सैयारा' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। दूसरी तरफ शरवरी आगामी फिल्म 'अल्फा' की तैयारी में जुटी हुई हैं। यशराज स्पाई यूनिवर्स की इस 7वीं किस्त में आलिया भट्ट भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी में पहनी थी लाखों की ड्रेस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका सेलेना गोमेज की शादी इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है। इस जश्न में सेलेना की दोस्त और मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट भी शामिल हुईं। दिलचस्प बात ये है कि टेलर ने इस मौके पर करीब 33.7 लाख रुपये कीमत की ड्रेस पहनकर लाइमलाइट लूट ली। सुनहरी ड्रेस में गायिका बहुत खूबसूरत लगीं। उनकी ड्रेस में फ्लोरल एप्लिक और सेक्विन जड़े थे। इस ड्रेस को डिजाइनर ऑस्कर डे ला रेंटा ने डिजाइन किया है।



# करवाचौथ पर लगाई निक के नाम की मेहंदी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में प्रसिद्धि पा चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भले ही निक जोनस के साथ सीमा पार रहती हों, लेकिन भारतीय त्योहारों को वो पूरी शिद्दत से मनाना जानती हैं। 10 अक्टूबर को करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर प्रियंका ने भी पूरी तैयारी की थी। उन्होंने पति निक के नाम की मेहंदी अपने हाथों में रचाई। मेहंदी की तस्वीरें अभिनेत्री ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेहंदी की कुछ तस्वीरों साझा की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने अपने हाथ में लगी खूबसूरत मेहंदी की झलक दिखाई। उनकी हथेली पर लिखे 'निकोलस' नाम से प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया। बहुत कम लोगों को पता होगा कि निक का पूरा नाम 'निकोलस जेरी जोनस' है।



# 'महारानी-4' 7 नवंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की वेब सीरीज 'महारानी 4' का इंतजार काफी समय से था। निर्माताओं ने टीजर जारी करते हुए इंतजार खत्म कर दिया है। साथ में रिलीज की तारीख का खुलासा भी किया है। सोनी लिव ने 'महारानी 4' का टीजर इंस्टाग्राम पर जारी करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की सुरक्षा करने आ गई है। महारानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार है।' 'महारानी 4' को 7 नवंबर से सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। 'महारानी 4' में हुमा फिर निडर नेता के किरदार में लौटी हैं। विपिन शर्मा और श्वेता बसु प्रसाद भी सीरीज का हिस्सा हैं। विपिन को नेता के किरदार में दिखाया गया है। अमित सियाल, विनीत कुमार, शार्दुल भारद्वाज, कनी कुसरुति और प्रमोद पाठक भी अहम किरदार में हैं।



# हार्दिक-माहिका एक साथ आए नजर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। काफी वक्त से उनका नाम माहिका शर्मा संग जुड़ रहा है। अब दोनों ने साथ आकर अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। ये पहला मौका है, जब हार्दिक और माहिका को मुंबई हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया। जब पैपराजी ने दोनों की तस्वीरें खींचने की कोशिश की तो हार्दिक ने माहिका को आगे जाने दिया। इसके बाद क्रिकेटर खुद भी चले गए। नताशा स्टेनकोविक से 2024 में अलग होने के बाद हार्दिक का नाम ब्रिटिश गायिका जस्मिन वालिया के साथ खूब उछाला गया था। हालांकि, हार्दिक ने कभी इन अफवाहों पर गौर नहीं किया और न कभी सफाई देना जरूरी समझा। अब लगता है कि क्रिकेटर को माहिका के रूप में अपना नया प्यार मिल गया है।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': शहबाज को ताने मिलने पर भावुक हुईं शहनाज...

**मुंबई।** अभिनेत्री शहनाज गिल का उनके छोटे भाई शहबाज बदेशा के लिए प्यार किसी से छिपा नहीं है। शहनाज की बदौलत ही शहबाज को 'बिग बॉस 19' के घर में दूसरा मौका मिला था। शो के पिछले एपिसोड में शहबाज ने बताया था कि लोग उन्हें हमेशा ताने मारते हैं। उन्हें 'बहन के टुकड़ों पर पलने वाला' कहते हैं। उनके इस खुलासे के बाद शहनाज भावुक हो गईं और उन्होंने सोशल मीडिया पर शहबाज के लिए एक पोस्ट साझा किया है।

***शहनाज ने लिखा भावुक पोस्ट :*** शहनाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'आप हमेशा मुझे बुराई से दूर रखते हैं, और हमेशा मेरा बचाव करते हैं।दुनिया नहीं जानती है, कि आपने मेरे लिये क्या-क्या किया है, लेकिन मैं जिंदगी भर आपके लिए सब कुछ करती रहूंगी...।' पोस्ट के साथ में, शहनाज ने 'लाल दिल' वाले इमोजी भी साझा किए हैं। अभिनेत्री की पोस्ट पर प्रशंसक भी उनका समर्थन कर रहे हैं, और शहबाज को मजबूत रहने की सलाह दे रहे हैं।

# तब्बू 27 साल बाद आईं नागार्जुन के साथ

## सुपरस्टार की 100वीं फिल्म में निभाएंगी अलग किरदार

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी अपनी 100वीं फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम 'किंग 100' बताया जा रहा है। साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी मशहूर नागार्जुन पिछली बार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आए थे और खूब वाहवाही लूटी थी। अब उनकी फिल्म 'किंग 100' से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जिसके बाद उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। खबर है कि तब्बू फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।

***फिल्म में बेहद अहम भूमिका निभाएंगी तब्बू :*** रिपोर्ट के मुताबिक, तब्बू से जब इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई। उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट और इसमें अपना किरदार पसंद आया है। इस फिल्म में तब्बू के साथ नागार्जुन को रोमांस करते नहीं देखा जाएगा, बल्कि उन्हें इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए साइन किया गया है। तब्बू और नागार्जुन पर्दे पर पहले भी धमाल मचा चुके हैं। ऐसे में ये फिल्म उनके प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।



***इन फिल्मों में साथ काम कर चुके नागार्जुन और तब्बू :*** तब्बू और नागार्जुन की जोड़ी ने दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया था। आखिरी बार उन्हें साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'आविदा मां आविदे' में देखा गया था। फिल्म को तमिल भाषा में डब किया गया था, वहीं हिंदी में 'बीवी नंबर 2' नाम से इसका रीमेक बनाया गया था। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू तेलुगू रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'निन्ने पेलाडाटा' के लिए साथ आए थे। उधर नागार्जुन की कॉमेडी फिल्म 'सिसिंदरी' में तब्बू ने कैमियो किया था।

### नागार्जुन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खूब चर्चा में रहीं तब्बू

नागार्जुन और तब्बू अपने अफेयर को लेकर खूब चर्चा में रहे। नागार्जुन ने पहली शादी लक्ष्मी तो दूसरी शादी अमला अक्किनेनी से की। इसके बावजूद उन्होंने अपनी जिंदगी में तब्बू को एंट्री दी। बताया जाता है कि दोनों ने करीब 10 साल तक एक-दूसरे को डेट किया था।हालांकि, नागार्जुन के शादीशुदा होने के चलते उनके इस रिश्ते को कोई मंजिल नहीं मिल पाई। अभिनेता ने खुद एक इंटरव्यू में तब्बू के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार किया था।

# शाहरुख की 'किंग' पर निर्देशक की पोस्ट से फैंस उत्सुक

**मुंबई।** शाहरुख खान को 2023 में आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था। अब उनकी अगली फिल्म 'किंग' का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग का कुछ हिस्सा अभी बाकी है। इस बीच निर्देशक ने एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया है, जिसने लोगों के दिलों की धड़कनों को तेज कर दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' को लेकर कुछ नया अपडेट आने वाला है।

***सिद्धार्थ की पोस्ट देख बढ़ी उत्सुकता :*** सिद्धार्थ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है, 'टिक. टॉक. टिक. टॉक।' ये पोस्ट जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'टिक टॉक... बैंग बूम... जितना बड़ा **#SRKian**, उतनी तेज धड़कन। मेरी तो भगदड़ मच गई।।' दूसरे ने लिखा, 'यह आ रहा है... 2 नवंबर... **#KING** का पहला लुक लोड हो रहा है।' खैर प्रशंसक 'किंग' पर निर्माताओं की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



***फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे:*** ये पहला मौका होगा, जब 'किंग' में शाहरुख को अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखा जाएगा। रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अभय वर्मा, राघव जुयाल और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज को 2027 तक के लिए टाल दिया गया है। बता दें कि शाहरुख को हाल ही में फिल्म 'जवान' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। ये फिल्म सितंबर, 2023 में रिलीज हुई थी।

# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बुरा हाल, फ्लॉप होने की कगार पर फिल्म

**मुंबई।** धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। ये फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने सिर्फ 8 दिनों के अंदर दम तोड़ना शुरू कर दिया है। फिल्म न तो अपना बजट निकाल सकी और न इसे बड़े सितारों के होने का फायदा मिल सका। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जिस सुस्त गति से बॉक्स ऑफिस पर बढ़ रही है, उसे देखकर कहना गलत नहीं होगा कि ये बड़ी फ्लॉप साबित होने की कगार पर है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कुल 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 40.75 करोड़ रुपये हुआ है, जिससे साफ है कि 80 करोड़ रुपये का बजट निकालने के लिए इसे और मशक्कत करनी पड़ेगी। यूं तो शशांक खेतान के निर्देशन में बनी 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का जादू दर्शकों के सिर से उतरने लगा है, लेकिन जाह्नवी ने इसके जरिए एक रिकॉर्ड बना लिया है।



## बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है

# मोहनलाल की 'वृषभ' को टक्कर देंगी द गर्ल फ्रेंड और जटाधारा

*मुंबई। सुपरस्टार मोहनलाल को हाल ही में भारतीय सिनेमा का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दादा साहेब फाल्के से सम्मानित किया गया था। मलयालम से लेकर हिंदी तक, कई अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके मोहनलाल एक ओर जहां ममूटी के साथ अपनी फिल्म 'पेट्रियट' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ की राह भी उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। अब अभिनेता ने अपनी इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है।*

### 6 नवंबर को रिलीज हो रही फिल्म

मोहनलाल ने एक्स पर फिल्म से अपना धांसू पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'धरती हिल रही है। आसमान जल रहा है। नियति ने अपना योद्धा चुन लिया है। 'वृषभ' 6 नवंबर को आ रही है।' बता दें कि पहले ये फिल्म इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे नवंबर तक के लिए टाल दिया गया है। मोहनलाल के प्रशंसक सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

### 7 नवंबर को आ रहीं ये 2 फिल्में

'वृषभ' जहां 6 नवंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी, वहीं रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के साथ 7 नवंबर को बड़े पर्दे पर हाजिरी लगाने वाली हैं। उनकी ये फिल्म तेलुगू, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। उधर सोनाक्षी सिन्हा भी 7 नवंबर को ही अभिनेता सुधीर बाबू के साथ 'जटाधारा' लेकर सिनेमाघरों का रुख करेंगी। बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है, फिलहाल ये देखना दिलस्प होगा।







### आते ही छा गया था 'वृषभ' का टीजर

इस साल सितंबर में 'वृषभ' का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे देख दर्शकों ने भविष्यवाणी कर दी थी कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा देगी। योद्धा बने मोहनलाल के एक्शन भरे अंदाज ने लोगों को बाहुबली की याद दिला दी थी। नंद किशोर के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टीजर ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया था। प्यार, तकदीर और बदले की दास्तां कहती ये फिल्म बाप-बेटी के अटूट रिश्ते का जश्न मनाती दिखेगी।

### शनाया कपूर इस फिल्म से कर रहीं साउथ में एंट्री

एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण हो रहा है और एक और खास बात ये है कि इसके जरिए संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर साउथ में कदम रख रही हैं। ये उनकी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है। इससे पहले शनाया ने विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

खबर संक्षेप



## चांद को देखकर खिले चेहरे धूमधाम से मना करवा चौथ

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर में करवा चौथ का पर्व सभी सुहागिन महिलाओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसमें महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अपनी पति की लंबी उम्र की कामना की। चंद्रमा के दीदार के बाद सुहागिन महिलाओं ने अपने व्रत खोले औरअपने घरों की चो पर पूजा सामग्री के साथ चलनी रखकर चंद्र दर्शन करते हुए अपने सुहाग की कामना की। इसके बाद अपने पति का आशीर्वाद लिया। पर्व को लेकर काफी उत्साह बना रहा। दिनभर निर्जला रहने के बाद देर शाम पहले चांद और फिर पति का चेहरा देखकर व्रत को समाप्त किया गया।

## राज्य मुख्य आयुक्त से की गई सौजन्य मुलाकात

**सरसींवां।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, जिला सचिव डॉ पूनम साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड धात्री नायक एवं एडवांस रोवर लीडर कमलेश साहू ने सौजन्य मुलाकात कर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालित हो रही स्काउटिंग गतिविधि की जानकारी दी। साथ ही स्काउटिंग को समाज से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कमलेश साहू ने रोवर को स्कूल के साथ साथ महाविद्यालय स्तर में भी संचालित करने संबंधी सुझाव दिये। स्काउटिंग के क्षेत्र में और बेहतर क्या कर सकते हैं इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

## राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में सोनिया प्रथम

**सरसींवा।** अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्राप्त समाचार के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूती उरकुली में कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्रा सोनिया कैवर्त्य ने 25वीं राज्य स्तरीय स्कूल लेबल गेम्स कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 15 तक आवेदन

रायगढ़। समाज कल्याण विभाग द्वारा हर वर्ष 3 दिसंबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार दिव्यांगजनों के सामाजिक समावेशन और उन्हें अधिकार आधारित प्रोत्साहन के उद्देश्य से दिया जाता है जिससे समाज में दिव्यांगजनों की भागीदारी और योगदान को सम्मानित किया जा सके।

## पेज 1 के शेष...

### शराबबंदी के लिए ...

मानना है कि मोहल्लों में घर घर बना कर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। जिसके खिलाफ आज एकत्रित होकर नशा मुक्ति अभियान के साथ जोड़कर चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। बैठक में कई योजनाएं बना कर नगर के हर घर से महिलाओं जो नशामुक्ति अभियान से जोड़ने से लेकर पूर्ण शराबबंदी लागू करने कार्ययोजना तैयार की गई है। सबसे पहले कोतबा पुलिस चौकी प्रभारी को हस्ताक्षर अभियान चला कर नगर क्षेत्र में जहाँ भी नशे के सामग्री उपलब्ध है। अवैध गतिविधियों हो रही है। शराब बना कर बेचने के गोरखधंधा चल रहा है। उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है। महिलाओं ने आरोप लगाते हुये कहा कि अवैध महुवा शराब व नशे के सामग्री नगर की गलियों में ऐसे खुलेआम बिक्री हो रही है। जितना राशन की बिक्री नही होती। जिसका व्यापक बुरा असर युवा पीढ़ियों बच्चों व पुरुषों पर पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि अवैध शराब की वजह से नगर के पुरुष अधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं। जिससे महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विरोध करने पर घरों में गाली-गलौच और मारपीट,हिंसा अंधविश्वास को बढ़ावा मिल रहा है। लगातार घरेलु हिसा का शिकार हो कर त्रस्त हो चुकी महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की जाए और अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्यवाही कर उनके घरों में शांति बहाल की जाए।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# कार्यालयों में कोई भी प्रकरण ऑफलाइन मिला तो तहसीलदार पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में राजस्व विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गति लाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के प्रत्येक प्रकरण का ई कोर्ट में अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए, ताकि प्रकरणों की ऑनलाइन निगरानी और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्यालय में कोई भी प्रकरण ऑफलाइन नहीं रहना चाहिए यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित तहसीलदार की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, नजूल प्रकरण और स्वामित्व योजना जैसे सभी लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने स्तर पर गंभीरता से कार्य करें और जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नियमानुसार त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।





### फार्मर रजिस्ट्री कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि सभी पात्र किसानों की एग्रीस्टैक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्री निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाए, ताकि कोई भी कृषक शासन की किसी भी योजना से वंचित न हो। उन्होंने वेरिफिकेशन और अप्रूवल की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री के दौरान फौती, वारिसान पंजीयन, भुइया पोर्टल में नाम प्रदर्शित न होना, खसरा त्रुटि एवं अन्य तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई या विलंब को गंभीर लापरवाही माना जाएगा।

### अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्य दक्षता बढ़ाने के निर्देश

कलेक्टर ने नक्शा बंटांकन, सेवा भूमि, लैंड बैंक, न्यायालयीन प्रकरण, आधार सीडिंग, मिसल से खसरा मिलान, मोबाइल नंबर और जेंडर प्रविष्टि की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों की शुद्धता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए इन कार्यों को गंभीरता से लेकर पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्य में दक्षता लाएं उनकी जवाबदेही तय करें तथा जो कर्मचारी बेहतर कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्व शासन प्रशासन की रीढ़ है इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करें, ताकि जनता का विश्वास शासन और प्रशासन दोनों में दृढ़ हो सके।

### खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी पर वसूली की होगी कार्रवाई

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की कमी या गड़बड़ी पाए जाने पर नियमों के अनुसार तत्काल वसूली की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न मिले और किसी भी स्तर पर अनियमितता न हो। बैठक में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, रवि राही, डॉ.प्रियंका वर्मा सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## सारडा जंगल में नक्सली हमले में सीआरपीएफ जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



■ आईईडी धमाके में इंस्पेक्टर एएसआई घायल

झारखंड ओड़िशा सीमांचल के घने सारंडा जंगल में शुक्रवार को नक्सलियों ने एक बार फिर खूनी खेल खेला। जराईकेला थाना क्षेत्र के सामठा अंतर्गत बाबूडेरा इलाके में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाया। इस हमले में सीआरपीएफ 60 बटालियन के इंस्पेक्टर केके मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए राउरकेला के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद हुए दूसरे विस्फोट में सी आरपीएफ एएसआई रामकृष्ण गगराई व हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर घायल हो गए, जिन्हें देर रात राउरकेला ऑपोलो में ही इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां महेंद्र की सांसे थम जाने से वे शहादत को प्राप्त हुए।

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस सीआरपीएफ और अन्य बलों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी घात लगाकर यह धमाका किया गया। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेनू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आईईडी विस्फोट नक्सलियों द्वारा किया गया था। इसी दौरान एक अन्य स्थान पर भी नक्सलियों ने लैंडमाइन ब्लास्ट कर एक पुलिया को उड़ा दिया। यहीं पर गगराई व लस्कर घायल हुए, यह विस्फोट उस समय हुआ जब इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा के घायल होने के बाद गगराई व लस्कर दो अन्य जवानो के साथ उन्हें एम्बुलेंस तक छोड़ कर अभियान में शामिल होने लौट रहे थे। शनिवार सुबह इस हमले में घायल सीआरपीएफ हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र लश्कर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी शहादत की पुष्टि सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट अंबुज मुथाल ने की है। इस विस्फोट में एएसआई रामकृष्ण गागराई जो खरसावां विधायक दशरथ गागराई के भाई हैं भी घायल हुए हैं। इस नक्सली हमले से पूरे सीमांचल क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान तेज कर दिया है। शहीद महेंद्र लश्कर को सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धांजलि दी, वहीं उनकी शहादत ने एक बार फिर याद दिलाया है कि सारंडा की शांत वादियों में अब भी नक्सली साजिशें जिंदा हैं। बता दें की शहीद जवान हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर मूल रूप से असम कई नगांव जिला कई कामपुर थाना क्षेत्र के कुआरी अति गांव के निवासी थे। एम्बुलेंस की मदद से शनिवार की अहले सुबह उनका पार्थिव शरीर राउरकेला ऑपोल अस्पताल से रांची ले जाया गया।

## जिले में रेत खदानों के संचालन के लिए ऑनलाइन ई-नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के खनिज रेत प्रबंधन नियम 2025 के तहत जिले में रेत खदानों के संचालन के लिए ऑनलाइन ई नीलामी रिवर्स ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

■ प्रथम चरण में जिले के 5 रेत खदानों का होगा आवंटन

जिला रायगढ़ में खनिज विभाग द्वारा प्रथम चरण में कुल 05 रेत खदान जिनमें बरभौना तहसील खरसिया, बायसी तहसील धरमजयगढ़, कंचनपुर तहसील घरघोड़ा, लेबड़ा तहसील रायगढ़ एवं पुसल्दा तहसील छाल का आवंटन इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन माध्यम से किया जाना है। खनिज अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग द्वारा 12 सितम्बर को छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2025 जारी किया गया है। नये नियमों में रेत खदान आवंटन की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा। इन रेत खदानों के आवंटन के लिए ऑनलाईन निविदा 10 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया है। निविदा के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी पोर्टल खनिज साधन विभाग की वेबसाईट जिला कार्यालय की वेबसाईट तथा कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला रायगढ़, संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत भवन के सूचना पटल में अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्षन हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, 07 दिवस, 31 अक्टूबर समय प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर 6 नवम्बर 2025 समय शाम 5.30 बजे तक एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से जमा की जा सकेगी।

## जिला जेल रायगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर

**रायगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा जिला जेल रायगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में श्रीमती अंकिता मुदलियार न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ के नेतृत्व में जिला जेल रायगढ़ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर डॉ प्रकाश चेतवानी नोडल कमिश्नर मानसिक स्वास्थ्य एवं संतोष कुमार पांण्डेय जिला चिकित्सालय रायगढ़ के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर के अवसर पर जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध बंदियों को बताया गया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हम सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने और इस बात पर विचार करने का अवसर है कि हम सब मिलकर किस प्रकार बेहतर मानसिक स्वास्थ्य पाने में सभी की मदद कर सकते हैं। स्वस्थ होने का मतलब है शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ होना। मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य के समान ही महत्वपूर्ण है। यह किसी व्यक्ति को तनावए डर थकावट दुःख आदि कठिन परिस्थितियों में सही तरीके से कार्य करने में मदद करता है। अगर आप अपने जीवन में कठिन परिस्थितियों को संभाल नहीं पा रहे हैं तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं है। शिविर की अगली कड़ी में जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध बंदियों को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूक करते हुए नींद, तनाव, शारीरिक कष्टों के कारण मानसिक रोग जैसेः हृदय रोग, छाती रोग, दिल का तेजी से धड़कना, श्वास क्रिया ठीक से न चलने का भय होना, कमजोरी लगना व वजन का न बढ़ना, मांस पेशियों में दर्द होना, त्वचा संबंधी लक्षण दिखाई देना, पेशाब बार बार आना या होना इत्यादि के लक्षण के बारे में जानकारी दिया गया। उक्त शिविर में लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय रायगढ़ के डिप्टी चीफ मनोज कुमार श्रीवास, रोहित कुमार पटेल एवं जीएस सोरी जेल सुपरवाईजर एस शोभा रानी असिस्टेंट जेल सुपरवाईजर एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक संस्थानों में स्वीप कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक संस्थानों में सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन एसवीईईपी कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कैंपस एम्बेसडर और प्रोफेसर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसका उद्देश्य युवा मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाना और मतदान के प्रति अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रोफेसर श्रीमती रंजना साहू, राजेश कुमार लहरे, डॉ. केके गुप्ता, डॉ. माग्रेट कुजूर, डॉ. उषा नायक, सुश्री प्रगति रजक, श्रीमती अनिता पटेल, डॉ. श्रुति श्रीवास्तव, जुवेल केरकेट्टा, अश्वनी कुमार पटेल, गौतम सारथी, डॉ. कुंतल किशोर, सुरेंद्र पाल दर्शन, श्रीमती शीतल केरकेट्टा और श्रीबच्छ को प्रोफेसर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं कैंपस एम्बेसडर के रूप में विद्यार्थियों में एकांत पटेल, श्रुति सिंह, ओमप्रकाश जांगड़े, आराधना वैष्णव, नीजू दास, पुष्पांजलि साहू, अंकित कुमार शर्मा, अंजली प्रिया खेस, कुमारी ऐश्वर्या राणा, हिमांशु पटेल, अभिषेक प्रधान, किरण चौधरी, दीपक साव, नेहा चौहान, मुकेश राठिया, श्रीवन कुमार, आकृति ठेठवार, निखिल दास, ईशा सहिस, गणेश नायक, अरुण चौहान, विक्की पटेल, राजेश्वरी सिदार, आकाश पटेल, दिशा पटेल, फागुन सखा, तेजस्विनी राठिया, राजकुमार प्रधान, प्रभाषिनी सरल, देव कुमार साव, रोशनी यादव, लेखराम पटेल और अमृता सतपथी को नियुक्त किया गया है।

## एसडीएम कार्यालय का घेराव और तालाबंदी न्याय की मांग को लेकर उमड़े लोग



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा में शुक्रवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ के बैनर तले ऐतिहासिक आंदोलन देखने को मिला, जब सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय घरघोड़ा का घेराव कर तालाबंदी कर दी।

भीम आर्मी के प्रदेश स्तर के इस आंदोलन में रायगढ़, जशपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा सहित आसपास के जिलों से कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे। आंदोलन का मुख्य मुद्दा था भरत खंडेल प्रकरण, जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के एक परिवार का पचास वर्षों से बसे आशियाने को प्रशासनिक लापरवाही और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के चलते ध्वस्त कर दिया गया। परिवार को अब तक न तो पुनर्वास मिला, न मुआवजा और न ही न्याय की कोई सुनवाई हुई। इस अन्याय के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ ने 10 अक्टूबर को घरघोड़ा एसडीएम कार्यालय में आंदोलन और तालाबंदी का ऐलान किया, जो प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया है।

### बारिश में भी नहीं डिगा हौसला, प्रशासन रहा सतर्क

लगातार बारिश और खराब मौसम के बावजूद भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। एसडीएम कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने घंटों तक धरना दिया और तालाबंदी कर नारेबाजी करते रहे। पुलिस प्रशासन ने मौके पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक भरत खंडेल प्रकरण में दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### आन्दोलन में ये रहे शामिल

दिनेश आज़ाद व संजीत बर्मन के संयुक्त आयोजन से राज कुमार जांगडे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भीम आर्मी छत्तीसगढ़ अमृत डहरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष बिलासपुर रूपेश दिवाकर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिलासपुर सूरजभान, पूर्व जिला अध्यक्ष जशपुर बसंत लहरे, वरिष्ठ पूर्व जिला उपाध्यक्ष रायगढ़ कुसुम बघेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रायगढ़ गुलशन लहरे, पूर्व मीडिया प्रभारी रायगढ़ सुनील सोनी, पूर्व जिला सचिव रायगढ़, राहुल आज़ाद, जिला सचिव,जांजगीर-चांपा जगमोहन खांडे, कार्यकारी सदस्य चांपा इकाई,सम्पत कुर्रे, ब्लॉक उपाध्यक्ष घरघोड़ा,प्रताप जोल्हे, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष घरघोड़ा, सूरज लहरे, पूर्व प्रथम ब्लॉक अध्यक्ष घरघोड़ा,अमृत खांडे, सक्रिय सदस्य घरघोड़ा ब्लॉक, जगत लाल खंडेल, सामाजिक कार्यकर्ता घरघोड़ा इसके अतिरिक्त संत राम खूंटे बीडीसी छाल और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला पदाधिकारी भी आंदोलन में शामिल हुए और अपना समर्थन दिया।

## कैरियर काउंसिलिंग समय प्रबंधन पर प्रशिक्षण

**कटेली।** शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ प्रधान पाठक राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी, शाउमा विद्यालय हरदी के विशेष आमंत्रण पर विद्यालय पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत मनोज जांगड़े के द्वारा सरस्वती वंदना के प्रस्तुतिकरण से हुई। विद्यालय की प्राचार्य विभावरी ठाकुर द्वारा बैच लगाकर गोस्वामी का स्वागत किया गया। शालेय स्टाफ़ एव विद्यार्थियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। प्रियंका द्वारा कैरियर काउंसिलिंग, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, कम्युनिकेशन स्किल, नेतृत्व एवं प्रबंधन जैसे समसामयिक महत्व के विषयों पर उत्कृष्ट और छात्र उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विभावरी सिंह ठाकुर, प्रियंका गोस्वामी, नीलिमा बरगाह, भगवती जोल्हे, अंजली साहू, तुलसी देवांगन, एस यादव आदि उपस्थित रहे।



## रविशंकर ने लगाया 5 किलो वॉट का ऑन ग्रिड सोलर प्लांट

**रायगढ़।** बिजली के बढ़ते खर्च से परेशान नगर निगम रायगढ़ निवासी रविशंकर दुबे ने अपने घर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट लगाकर न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया है बल्कि अपने मासिक खर्च में भी बड़ी बचत की है। उन्होंने अपने घर पर 5 किलोवाट क्षमता का ऑन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट लगाने से पहले उनका मासिक बिजली बिल 3500 से 5000 रुपए तक आता था, लेकिन सोलर सिस्टम चालू होने के बाद माह जून से अगस्त 2025 तक उनका बिजली बिल ऋणात्मक आया है। हितग्राही श्री दुबे ने बताया कि अब उन्हें बिजली बिल की झंझट से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है। उन्होंने यह सोलर प्लांट केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लगाया है, जिसके तहत उन्हें 78,000 रुपए की केन्द्रीय अनुदान सहायता और बैंक द्वारा बेहद कम ब्याज दर पर ऋण भी उपलब्ध प्राप्त हुई। श्री दुबे ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक अहम कदम है।

## फसलों में संभावित कीट और रोग प्रकोप को लेकर किसानों को सतर्क रहने की सलाह

**रायगढ़।** इस वर्ष खरीफ सीजन की शुरुआत से ही अच्छी वर्षा के कारण धान जैसी मुख्य फसलों की बेहतर पैदावार की उम्मीद है। अब तक गत वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है जिससे खेतों में पानी की उपलब्धता तो बेहतर हुई है लेकिन अत्यधिक बारिश के चलते कुछ अन्य फसलों जैसे उड़द, मूंगफली, मूंग, मक्का एवं जल्दी पकने वाली अन्य फसल पर उचित व्यवस्था एवं देखरेख के अभाव में प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है।



कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि फसल पकने पर शीघ्र फसल की तुड़ाई एवं कटाई कर सूखे स्थानों पर सुखने हेतु फैला कर रखें या धूप में सुखने हेतु रखें। धान के खेत में हरी काई का प्रकोप दिख रहा हो तो पानी को निकाल देवें एवं खेत के जिस जगह से पानी अन्दर जाता है वहाँ पर आवश्यकतानुसार कॉपर सल्फेट को पोटली में बांध कर रखें। धान के फसल में यदि कीट व्याधी का प्रकोप दिखे तो किसान निम्नानुसार दवाओं का उपयोग नियंत्रण हेतु कर सकते हैं। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि भूरा माहू पौधे के मुख्य तना से रस चूस कर पौधों को कमजोर करता है, इस कीट के प्रकोप होने पर पाईमेट्रोजिन 50 डब्ल्यूजी 300 ग्राम अप्लाई, पाईमेट्रो, क्लू एवं अन्य समान उत्पाद या डाईनेट्रान्युरान 20 एसजी ओसीन टोकन एवं अन्य समान उत्पाद 200 ग्राम हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411